दिनांक 6 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जनभागीदारी को सम्मिलित करते हुए निगम कर रहा है वृक्षारोपण, आयुक्त सुंदरानी ने महाराणा प्रताप उद्यान के समीप रहवासियों के साथ लगाए पौधे

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी ने समस्त जोन आयुक्तों को वृक्षारोपण वर्ष 2019-20 के लिए 8500 पौधे रोपित करने का लक्ष्य प्रदाय कर दिया है , जिसके अनुसार विभिन्न जोन क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया जाएगा! आयुक्त श्री सुंदरानी ने वृक्षारोपण में जनभागीदारी की सहभागिता को महत्व देते हुए इस वर्ष के लिए वृक्षारोपण पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया है जिसमें प्रथम पुरस्कार ₹25000, द्वितीय पुरस्कार ₹10000 एवं तृतीय पुरस्कार ₹3000 प्रदाय किए जाएंगे इसके लिए प्ले स्टोर से स्मार्ट भिलाई एप को डाउनलोड करना होगा एवं कम से कम 5 पौधे लगाकर उसकी सेल्फी खींच कर इस ऐप के माध्यम से अपलोड करना होगा! 3 चरणों में होने वाले इस आयोजन में 15 अगस्त को पर्यावरण की दिशा में अच्छे एवं सराहनीय कार्य करने वाले को पुरस्कृत किया जाना है जिसके चयन प्रक्रिया के लिए टीम का गठन भी आयुक्त महोदय द्वारा कर दिया गया है! आज नेहरू नगर पश्चिम क्षेत्र में निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी, उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं मोहल्ले के फोरम फॉर एवरनेस आफ नेशनल सिक्योरिटी के लोगों ने मिलकर वृक्षारोपण किया एवं आसपास के स्थलों की साफ सफाई की! जिसमें वीरेंद्र पांडे , आईपी मिश्रा, उमेश चितलांगिया, अनिल भारद्वाज, गोयल, आरजे सिंह , संध्या श्रीवास्तव, अशोक गंगाधर, बीएल अग्रवाल, जीएल साहू उमेश साहू आदि ने नीम, करंज गुलमोहर, कनेर आदि के पौधे रोपण किए एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं ली!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है   जल ही जीवन है!